वर्ष	अनुसूचित जाति सब्सिडी ऋण (लाख रुपए में)		अनुसूचित जन जाति सब्सिडी ऋण (लाख रुपए में)	
1. 1994-95	2646.02	2808.31	928.30	948.11
2. 1995-96	2041.41	2544.28	800.81	876.27
3. 1996-97 (जनवरी, 97 तक)	1733.30	2389.10	660.48	744.15

(ग) आंध्र प्रदेश के सभी जिलों में 10.2.80 से समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है।

Cementing of Road between Mohan to Chauri Ghatti in Almora District

2850. SHRIMATI MALTI SHARMA: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the stretch of road between Mohan to Chauri Ghatti via Harara and Basot in Almora District of U.P. has not been cemented for the last 20 years;

(b) if so, whether the Central Government have earmarked any scheme under Rural Development Porgramme for cementing of the above road; and

(c) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI K. YERRA NNAIDU): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Litigation between CSIR and ITS Employees

2851. SHRI RAJ NATH SINGH: Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) the number of legal cases the CSIR is contesting against its employees in the Supreme Court; and

(b) the details of amount spent thereon towards advocates' fee and TA/DA to officers, during the last five years, year-wise and laboratory-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION AND MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI YOGINDER K. ALAGH): (a) In the last five years Council of Scientific and Industrial Research (CSIR) has been a party to 57 cases with its employees in the Supreme Court of India out of which 38 have already been decided while 19 are pending for final disposal before the court.

(b) Information is being collected and shall be laid on the Table of the House.

अनुसंधान और विकास उपकर के माध्यम से वसूल की गई धनराशि

2852. **श्री राम जेठमलानी:** क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अनुसंधान और विकास उपकर वसूल किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो यह उपकर कब से वसूल किया जा रहा है;

(ग) दिसम्बसर, 1996 तक कुल कितनी धनराशि एकत्रित की गई है;

(घ) क्या सरकार ने इस उपकर के माध्यम से एकत्रित धनराशि के कोष के वितरण हेतु कोई दिशा-निर्देश तैयार किये हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तसंबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त दिशा-निर्देश के आधार पर अब तक कुल कितनी धनराशि वितरित की गई है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के

मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ) (क) और (ख) जी, हां, अनुसंधान एवं विकास उपकर एक्ट, 1986 जो 1 दिसम्बर, 1987 को लागू हुआ, के आधार पर उपकर का संग्रहण किया जाता है।

(ग) 431.32 करोड़ रुपये।

(घ) और (ङ) उपकर से व्युत्पन्न राशि को सर्वप्रथम भारत के संचित कोष में जमा किया जाता है। इस प्राप्ति से जैसा कि संसद द्वारा विनियोजित किया गया था, केन्द्रीय सरकार ने इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (आई डी बी आई) एवं तत्पश्चात् प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड को कोष उपलब्ध कराया। अभी तक सरकार ने 57.84 करोड़ रुपये जारी किये हैं। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास तथा उनके वाणिज्यिक अनुप्रयोग अथवा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड एक्ट 1995 के प्रावधानों के तहत व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी के अंतरण का प्रयास करने वाले औद्योगिक समुत्थानों तथा अन्य एजेंसियों को इक्विटी पूंजी तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध करता है।

धनराशि की कमी से अनुसंधान और विकास पर व्यय में कमी

2853. **श्री राम जेठमलानी:** क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 जनवरी, 1997 को दैनिक हिन्दू में प्रकाशित "लैक ऑफ फंड्स हिट्स आर एण्ड डी इन साइंस" शीर्षक समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश में अनुसंधान और विकास पर किया जा रहा व्यय विश्व के विकासशील और विकसित देशों में इस मद में किये जा रहे औसत व्यय की तुलना में कम है;

(ग) यदि नहीं, तो आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान देश में अनुसंधान और विकास पर वार्षिक रूप से सकल घरेलू उत्पाद का कितना प्रतिशत खर्च किया गया है; और

(घ) विश्व के विकासशील और विकसित देशों में देशवार इस प्रकार के कर्च की प्रतिशतता कितनी है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ) (क) जी, हां।

(ख) और (ग) भारत में अनुसंधान और विकास पर किया जाने वाला खर्च उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सकल राष्ट्रीय उत्पाद की प्रतिशतता के आधार पर विकसित देशों तथा कुछेक विकासशील, देशों यथा-मिस्र, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया की तुलना में कम है। लेकिन यह कई विकासशील देशों यथा-अर्जेंटीना, ब्राजील चीन, इंडोनशिया फिलिपीन्स की तुलना में अधिक है। निरपेक्ष संज्ञा के तौर पर, भारत का अनुसंधान एवं विकास खर्च 1992-93 के 5004.67 करोड़ रुपयों से बढ़कर 1994-95 में 6821.02 करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि के दौरान अनुसंधान एवं विकास पर खर्च सकल राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के तौर पर करीब 0.8 रहा है

(घ) यूनिस्को सांख्यिकी ईयर बुक 1995 के आधार पर कुछेक विकसित तथा विकासशील देशों का उनके सकल राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के तौर पर अनुसंधान एवं विकास खर्च नीचे दिया गया है:

देश	संदर्भ वर्ष	अनुसंधान एवं विकास व्यय सकल राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के तौर पर
अर्जेन्टीना	1988	0.3
आस्ट्रेलिया	1990	1.4
ब्राजील	1985	0.4
कनाडा	1991	1.6
चीन	1992	0.5
मिस्र	1991	1.0
जर्मनी (एफ आर जी)	1989	2.8
फ्रांस	1991	2.4
इंडोनेशिया	1988	0.2
इजराइल	1990	2.1
जापान	1991	3.0
कोरिया गणराज्य	1992	2.1
पाकिस्तान	1990	0.9
फिलीपीन्स	1984	0.1
सिंगापुर	1987	0.9
स्वीडन	1991	2.9
ब्रिटेन	1991	2.1
संयुक्त राज्य अमेरिका	1988	2.9